कोटद्वार,गुरूवार
21 दिसम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 229 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## मुख्यमंत्री ने दी पाटा उत्तरकाशी में परिवार कल्याण उप केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाटा में परिवार कल्याण उपकेन्द्र की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने परिवार कल्याण उपकेन्द्र की स्थापना तथा आवश्यक कार्मिकों के साथ 13.34 लाख रूपये की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति भी दी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय के अनुसार यह स्वास्थ्य उपकेंद्र 3424 आबादी को लाभान्वित करेगा। जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाटा आईपीएचएस मानकों (पर्वतीय क्षेत्र हेतु 3000 एवं शहरी क्षेत्र हेतु 5000) को पूर्ण करता है इसके लिये मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद उत्तरकाशी द्वारा स्थापना की भी संस्तुति प्रदान की गयी है।

## अंकिता हत्याकांड : मुख्य आरोपी पुलकित आर्य को हाईकोर्ट ने दिया बड़ा झटका

नैनीताल ,उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त पुलकित आर्य को उच्च न्यायालय से झटका लगा है। अदालत ने आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। अदालत ने इसे जघन्य अपराध करार दिया है। न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की पीठ में बुधवार को आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। इस मामले में लगातार दो दिन सुनवाई हुई।

आज अदालत ने माना कि यह एक संगीन अपराध है। आरोपी के खिलाफ अभी तक जो तथ्य सामने आये हैं, वह जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज करने के लिये पर्याप्त हैं।

शिकायतकर्ता की ओर से अदालत के समक्ष यह भी तथ्य रखा गया कि आरोपी मृतका पर किसी वीआईपी की अनैतिक सेवा के लिये दबाव बना रहा था लेकिन वह आरोपी के दबाव में नहीं आयी। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी। सरकार की ओर से भी कहा गया कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सुबूत हैं। गवाहों के बयानों के साथ ही मौके से





फोरेंसिक साक्ष्य जुटाये गये हैं। साथ ही मामले को एसआईटी को सौंप दिया गया। गौरतलब है कि ऋषिकेश के पास स्थित वनंतरा रिसॉर्ट में बतौर रिसेप्सनिष्ट के पद पर तैनात अंकिता की पिछले साल सितम्बर में हत्या कर दी गयी थी। उसका शव चीला बैराज से मिला था। हत्या का आरोप वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक और पूर्व भारतीय जनता पार्टी नेता विनोद आर्य के पुत्र पुलकित आर्य और उसके दो अन्य साथियों पर लगा था। तीनों आरोपी पिछले साल से जेल में बंद हैं।

इस घटना के बाद प्रदेश में भारी आक्रोश फैल गया था। सरकार ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस प्रकरण की जांच एसआईटी को सौंप दी थी। साथ ही पुलकित आर्य के पिता को पार्टी से जबकि भाई अंकित को पिछड़ा वर्ग आयोग के पद से हटा दिया था।

## भीमताल में 13 दिन में गुलदार का तीसरा शिकार बनी युवती

भीमताल। विकासखंड भीमताल में आदमखोर वन्य जीव का आतंक दहशत का पर्याय बन चुका है। 13 दिन के भीतर गुलदार ने तीन महिलाओं को मार डाला है। मंगलवार शाम युवती को मारने वाले आदमखोर को ढेर करने की मांग के साथ ही आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम व डीएफओ का घेराव किया। साथ ही आतंक से निजात दिलाने पर ही शव उठाने का एलान कर दिया। ग्राम सभा अलचौना के तोक ताड़ा में मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे 19 वर्षीय निकिता शर्मा घर से कुछ दूरी पर स्वजन व पड़ोसियों के साथ खेत में घास काटने जा रही थी। पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने निकिता पर अचानक हमला कर दिया और उसे घसीटते हुए करीब आधे किमी तक ले गया। पिता विपिन शर्मा भी हल्ला मचाते हुए उसके पीछे–पीछे भागे।

### किसानों में है आक्रोश

इसके बाद खेतों में काम कर रहे अन्य लोग भी शोर मचाते हुए पहुंचे तो गुलदार युवती को छोड़ जंगल की ओर भागा। गुलदार ने उसके गले में दांत गड़ा रखे थे और वह दम तोड़ चुकी थी। इंटर पास निकिता तीन भाई–बहनों में दूसरे नंबर की थी। बड़ी बहन चंडीगढ़ में नौकरी करती है और भाई पढ़ाई कर रहा है विपिन शर्मा किसान हैं।




# भारत के उच्चायुक्त उपेन्द्र सिंह रावत ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में बुधवार को ब्रुनेई में भारत के उच्चायुक्त आलोक अमिताभ डिमरी एवं युगांडा में भारत के उच्चायुक्त उपेन्द्र सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल और उच्चायुक्तों के मध्य विभिन्न विषयों सहित हाल में ही सम्पन्न हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के सम्बन्ध में चर्चा हुई। राज्यपाल ने उच्चायुक्तों से कहा कि जिन देशों में वे कार्य कर रहे हैं वहां के विश्वविद्यालयों की बेस्ट प्रैक्टिस उत्तराखण्ड के विश्वविद्यालयों के साथ साझा की जाये। साथ ही विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों विशेषकर बालिकाओं को भी इन देशों में अनुभव प्राप्त करने के लिए शैक्षिक भ्रमण के आयोजित किए जाएं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में महिला स्वयं सहायता बेहतर कार्य कर रहे हैं उन्हें अनुभव के आदान–प्रदान हेतु इन देशों में भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किये जा सकते हैं।

उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के स्थानीय उत्पादों को ग्लोबल कंज्युमरिज्म से जोड़ने में सहयोग का भी अनुरोध किया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में योग, आयुर्वेद, मर्म, चिकित्सा और आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है। उन्होंने इन क्षेत्रों में उत्तराखंड को संबंधित देशों में प्रचारित करने में सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर उच्चायुक्तों ने अपने–अपने अनुभव साझा करते हुए कई सुझाव रखे।

## मदन कौशिक ने किया खेल महाकुंभ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ



हरिद्वार। नगर विधायक मदन कौशिक ने बुधवार को 40 वीं वाहिनी पीएसी परिसर में खेल महाकुंभ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का मशाल जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद खेलों के विकास पर पूरा ध्यान दिया गया। इसी का परिणाम है कि आज कई खेल प्रतिभाएं जनपद और राज्य का नाम देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में रोशन कर रहे हैं। विधायक कौशिक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने खेलो इंडिया के तहत खेलों को गांवों तक पहुंचाकर पूरे भारत में प्रतिभाओं को बढ़ाया है। दूरदराज के गांवों के बच्चों की छिपी प्रतिभा सामने आई हैं। यह प्रतिभाएं पदक तालिका में स्थान बना रही हैं। इस दौरान मताधिकार तथा खेल शपथ खिलाड़ियों और अन्य मौजूद लोगों को दिलाई गई। जिला युवा कल्याण एवं पीआरडी अधिकारी पीसी पांडेय ने बताया कि जनपद में खेल महाकुंभ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के तहत एथलेटिक्स, टेबिल टेनिस, खो–खो, कबड्डी, बॉक्सिंग, हैण्डबॉल, हॉकी, वालीबॉल की प्रतियोगिताएं होंगी।

### एक नजर

### अवैध धनराशि मांगने पर मीडियाकर्मी पर केस

हरिद्वार। हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिशासी अभियंता ने एक मीडिया कर्मी के खिलाफ अवैध धनराशि मांगने और फर्जी खबर प्रकाशित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक एचआरडीए के प्रभारी अधिशासी अभियंता टीपी नौटियाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक मीडियाकर्मी ने उनके कार्यालय में आकर कई बार धन की मांग की। 16 दिसंबर को बहादराबाद क्षेत्र में अवैध निर्माण को सील करने गए थे। इसी बीच पैदल एक अज्ञात व्यक्ति उनके पास आया। उसने कहा कि मीडियाकर्मी अरुण कश्यप को हर महीने धनराशि देनी होगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो तुम्हारे खिलाफ दुष्प्रचार कर खबर प्रकाशित की जाएगी। आरोप लगाया कि उन्होंने इस पर आपत्ति जताई और इनकार कर दिया। आरोप है कि तब फर्जी समाचार प्रकाशित कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। जिससे विभाग और उनकी छवि धूमिल हुई। नगर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### भ्रष्टाचार के आरोप में पथरी फीडर पर किसानों का प्रदर्शन

हरिद्वार। उत्तराखंड किसान मोर्चा ने पथरी फीडर पर ऊर्जा निगम के खिलाफ धरना–प्रदर्शन करते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। किसान मोर्चा ने ऊर्जा निगम के कर्मचारियों पर विद्युत कनेक्शन, मीटर लगाने के नाम पर पैसे मांगने सहित कई आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। बुधवार को उत्तराखंड किसान मोर्चा से जुड़े किसानों ने ऊर्जा निगम और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पथरी फीडर पर धरना–प्रदर्शन किया।

किसानों का आरोप है कि ऊर्जा निगम के कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्र में छापेमारी करते हैं और लोगों के घरों के अंदर प्रवेश करते हैं। आरोप है कि मीटर लगाने, कनेक्शन करने, ट्रासफार्मर लगाने और उतरवाने के नाम पर कर्मचारी भ्रष्टाचार करते हैं। किसानों से रिश्वत मांगते हैं। इस दौरान उत्तराखंड किसान मोर्चा के महामंत्री सतीश प्रधान ने कहा कि ऊर्जा निगम से कर्मचारी कनेक्शन से लेकर मीटर लगाने व फ्यूज लगाने तक के पैसे मांगते हैं। यह प्रथा बंद होनी चाहिये। अगर इसमें सुधार नहीं होता है तो किसान ऊर्जा निगम के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अन्य पदाधिकारियों ने भी अपनी समस्याओं को रखा।

# प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़ने के लिए प्रयास किये जाएं: सीएम



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में एस.एस.बी. द्वारा प्रशिक्षित राज्य के गुरिल्ला स्वयं सेवकों की समस्याओं को सुना। विभिन्न जनपदों से गुरिल्ला स्वयं सेवक वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न विभागों में प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़ने के लिए प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि गुरिल्ला स्वयं सेवकों की जिन समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकता है, वे किये जाएं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से भी गुरिल्ला प्रशिक्षकों के लिए मदद के लिए प्रस्ताव भेजकर अनुरोध किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम, निजी सुरक्षा एजेंसियों में सुरक्षा कर्मी, होमगार्ड में प्रशिक्षक, फॉरेस्ट फायर वॉचर, पुलिस विभाग के अन्तर्गत ग्राम चौकीदार, लोक निर्माण विभाग में विभिन्न कार्यों, वन विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अन्य क्षेत्रों में गुरिल्ला स्वयं सेवकों की सेवाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है, इस दिशा में ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को निर्देश दिये कि सबंधित विभागों द्वारा राज्य के प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़ने और उनके प्रशिक्षण का लाभ राज्य को भी मिल सके, इस दिशा में जो भी कार्यवाही की जा सकती है, इसके अनुपालन में समय–समय पर बैठक ली जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, डीजीपी अभिनव कुमार, कमांडेंट जनरल होमगार्ड केवल खुराना, डीआईजी/ अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती, अपर सचिव विनीत कुमार, ललित मोहन रयाल, अत्तर सिंह, संबंधित विभागीय अधिकारी और वर्चुअल माध्यम से एस.एस.बी. द्वारा प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### मसूरी एसडीएम कार्यालय में सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

देहरादून। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एसडीएम और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। साथ ही कहा कि 31 दिसंबर तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो एक जनवरी से पूरे उत्तराखंड में अनिश्चित कालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने मालरोड आंबेडकर चौक पर बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद प्रदर्शन किया। फिर जुलूस के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने ज्ञापन दिया और नारेबाजी की। इसके बाद नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी राजेश नैथानी को ज्ञापन सौंपा। संघ के उत्तराखंड प्रभारी विशाल बिरला ने कहा कि संघ सफाई व्यवस्था के लिए ठेकेदारी प्रथा, संविदा, गैंग प्रथा, दैनिक प्रथा की शोषणकारी व्यवस्था को समाप्त करने, सभी गैर सरकारी कार्यरत सफाई कर्मचारियों को तुरंत नियमित करने की मांग कर रहा है।

उन्होंने रयाल कमेटी की शिफारिशों को तत्काल लागू करने और पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की। इस मौके पर राजेंद्र घावरिया, सुरेंद्रपाल, गुरूचरण चनालिया,प्रताप, सुशील, प्रिंस लौहट, गुलशन, राहुल, राजेंद्र, कैलाश, अनिल, सोनू, सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### लंढौर मेले में उत्तराखंडी संस्कृति की धूम मचेगी

देहरादून। लंढौर मेले में इस बार पहाड़ी संस्कृति के साथ ही खानपान और धरोहर का रंग जमेगा। उत्तराखंड के उत्पाद, हस्तशिल्प की प्रदर्शनी भी लगेगी। लंढौर मेला 23 और 24 दिसंबर को होगा। मेले के आयोजक ग्रीन लाइफ के निदेशक विवेक वेणीपाल ने बताया कि पिछले नौ साल से इसका आयोजन किया जा रहा है। मेले में बड़ी संख्या में देशी–विदेशी पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों की भागीदारी रहती है। इस मेले का पर्यटक पूरे वर्ष प्रतीक्षा करते हैं। मेले में उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, उत्तराखंड के उत्पाद, उत्तराखंड के व्यंजन, वेशभूषा, हस्तशिल्प व प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है। लंढौर मेला हिमालय की जीवंत परंपराओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों के उत्सव का प्रतिनिधित्व करता है। इस वर्ष के लंढौर मेले का उद्देश्य उत्तराखंड की अनूठी भावना को प्रदर्शित करने के साथ यहां की सांस्कृतिक विरासत की जानकारी पर्यटकों तक पहुंचाना है। वहीं, उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक व पारंपरिक नृत्य और संगीत की प्रस्तुति भी की जायेगी।

# पूर्व सीएम त्रिवेंद्र के जन्मदिन पर प्रतिभाओं का सम्मान

देहरादून। भाजपा कार्यकर्ताओं और दून के प्रबुद्ध लोगों ने बुधवार को कई जगह पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान अलग अलग क्षेत्र में प्रतिभा दिखाने वालों को सम्मानित भी किया गया। सबसे पहले पार्टी कार्यकर्ताओं व लोगों ने सुबह डिफेंस कॉलोनी स्थित आवास पर पंहुच कर पूर्व सीएम त्रिवेंद्र को शुभकामनाएं दीं। उसके बाद पूर्व सीएम त्रिवेंद्र ने डीबीएस महाविद्यालय पहुंच कर उनके जन्म दिवस पर छात्रों की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। शिविर में लगभग 50 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह किया गया। दोपहर में बालावाला के एक स्थानीय वेडिंग प्वाइंट में उनके जन्मदिन पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां क्षेत्र के लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत कर शुभकामनायें दी। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आयोजक बद्री केदार सहयोग समिति की ओर से देवभूमि उत्तराखंड का मान बढ़ाने वाली 12 प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। जिनका जीवन बेहद ही संघर्षो भरा रहा। इनमें दिव्यांग गायक निर्मल अनुरागी, मुकेश अनुरागी व अंजली अनुरागी, महिला बाडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल, गायिका सोनिया रावत, संजय किशन ध्यानी, रैपर सूरज रावत, गायक महिमा उनियाल, क्रिकेटर प्रिया, संस्कृति संवाहक राकेश भट्ट, नशामुक्ति अभियान के लिए मयंक हांडा और हास्य कलाकार किशना बगोट शामिल थे।

अपने जन्मदिन के अवसर पर पूर्व सीएम ने सभी का आभार व्यक्त किया। कहा कि हमारे प्रदेश मे 65 हजार से अधिक लोग दृष्टि दिव्याग हैं और प्रति वर्ष हमारे प्रदेश में लगभग इसी संख्या में अलग अलग करणों से लोगों की मृत्यु होती है। ऐसे में अगर हर व्यक्ति नेत्रदान और अंगदान का संकल्प ले ले तो हमारे नेत्रों से दिव्याग लोगों को रोशनी मिल पाएगी। इस मौके पर निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक बृजभूषण गैरोला, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ती रावत, राजपाल रावत, अशोक राज पंवार, पृथ्वीराज चौहान, सत्येंद्र नेगी सहित कई लोग मौजूद थे।

### वित्त मंत्री प्रेमचंद ने आम बजट पर मांगे सुझाव

देहरादून। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आम बजट पर राज्य के लोगों से राय मांगी है। 10 जनवरी 2024 तक लोग ईमेल, वाट्सअप करके वित्त विभाग को अपने सुझाव भेज सकते हैं।राज्य के वर्ष 2024–25 के बजट को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी को देखते हुए वित्त विभाग की ओर से जनता से सुझाव मांगे गए है। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि इस बार बजट बनाने की प्रक्रिया में सुधार किया जा रहा है। प्रदेश में विभिन्न विभागों और सार्वजनिक संस्थाओं में कार्यरत मानव संसाधन की सटीक जानकारी प्राप्त करने के प्रयास किए गए हैं।

# नया वैकल्पिक मार्ग बना चुनौती, दुर्घटनाओं का अंदेशा

## मालन नदी पर बने पुल के समीप बनाया गया है वैकल्पिक मार्ग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** मालन नदी पर बने पुल के टूटने के बाद बनाया गया वैकल्पिक मार्ग वाहन चालकों के लिए चुनौती बन रहा है। नदी में धूल व पत्थरों के बीच गुजरने वाले वाहनों को हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। क्षेत्रवासियों ने सरकारी सिस्टम से जल्द से जल्द पुल की मरम्मत करवाने की मांग की है।

जुलाई माह में कोटद्वार से भाबर को जोड़ने वाला मालन नदी का पुल ढ़ह गया था। जिसके बाद प्रशासन ने तल्ला मोटाढांक-बेलगिरी आश्रम के समीप वैकल्पिक मार्ग का निर्माण करवाया था। लेकिन, यह मार्ग आवागमन के लिए काफी लंबा पड़ रहा था। जिसके बाद नवंबर माह में लोक



कोटद्वार में मालन नदी पर बने वैकल्पिक मार्ग से गुजरते वाहन

निर्माण विभाग ने पुल के समीप से ही एक और नया वैकल्पिक मार्ग बनाया। लेकिन, इस मार्ग पर आवाजाही करना वाहन चालकों के लिए चुनौती बन रही है। नदी के बीच पांच सौ मीटर के इस सफर में धूल व पत्थर वाहन चालकों के सफर में बाधा बन रहे हैं।

उबड़-खाबड़ मार्ग पर हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। भाबरवासी सत्यप्रकाश, मोहन सिंह ने बताया कि मार्ग पर उड़ रही धूल दोपहिया वाहन चालकों का दम घोट रही है। सबसे अधिक परेशानी मार्ग से बच्चों और बुजुर्गों को ले जाने में हो रही है। सरकारी सिस्टम को जल्द से जल्द पुल की मरम्मत पर ध्यान देना चाहिए।

### अंधेरे में बढ़ी मुश्किल

मार्ग से रात के अंधेरे में दोपहिया वाहनों का संचालन सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। दरअसल, पूरे मार्ग पर कही भी लाइट की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में जंगल से सटे इस मार्ग पर हर समय जानवरों का खतरा बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने विभागों से मार्ग पर छोटी स्ट्रीट लाइटें लगवाने की भी मांग उठा चुके हैं। कहा कि जनता के हित को देखते हुए जल्द इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

# मवाकोट में घूम रहा गुलदार, दहशत में लोग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** वन विभाग के लाख दावों के बाद भी आबादी क्षेत्र में जंगली जानवरों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। मंगलवार रात मवाकोट क्षेत्र में स्थानीय लोगों को गुलदार घूमता हुआ नजर आया। ऐसे में आमजन का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

मवाकोट क्षेत्र का अधिकांश भाग लैंसडौन वन प्रभाग से सटा हुआ है। ऐसे में शाम ढलते ही क्षेत्र में जंगली जानवर धमक रहे हैं। मवाकोट निवासी दिनेश बिष्ट ने बताया कि 19 दिसंबर की रात गुलदार ने उनके घर में पालतू कुत्ते को अपना शिकार बना दिया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि गुलदार की धमक से क्षेत्रवासियों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक खतरा बुजुर्ग व बच्चों को बना हुआ है। रात के समय गुलदार कब लोगों पर हमला कर दें कुछ कहा नहीं जा सकता। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के साथ ही स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। कहा कि लाख शिकायत के बाद भी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई जा रही है। जिससे सफर करने वालों को खतरा बना हुआ है।



मवाकोट के एक खेत में गुलदार के पंजों के निशान

## मासिक धर्म के प्रति किया जागरूक

**कोटद्वार :** केयर एंड क्योर संस्था की ओर से राजकीय बालिका हाई स्कूल की बालिकाओं को मासिक धर्म के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बालिकाओं को सेनटरी पैड भी बांटे गए। आयोजित कार्यक्रम में संस्था की सदस्य मीरा रावत, पूजा रावत ने बलिकाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म को प्रकृति का उपहार समझे। इन दिनों तन के साथ अपने मन का भी बेहतर ध्यान रखें। मासिक धर्म कोई अपराध नहीं, बल्कि एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है।

## जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला कर्मचारी का शव

**कोटद्वार :** लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज के अंतर्गत पनियाली बीट में हाथी तालाब के समीप वन निगम में तैनात कर्मी का शव बरामद हुआ है। कर्मचारी मंगलवार से लापता चल रहा था। बुधवार को जंगल में घास लेने गई महिलाओं ने पुलिस को संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़े होने की सूचना दी। जिसके बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणि भूषण श्रीवास्तव अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की जेब में मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान लोअर कालाबड़ निवासी गोपाल सिंह रावत के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के स्वजनों को दी। स्वजनों ने पुलिस को बताया कि गोपाल वन निगम के लकड़ी पड़ाव कार्यालय में तैनात था। मंगलवार सुबह से वह लापता चल रहा था। जिसकी परिजन लगातार खोज कर रहे थे। पुलिस ने शव का पंचानामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, मौत के पुख्ता कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही चलेगा।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**पौड़ी :** जीजीआईसी पौड़ी की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर वाल्मीकि बस्ती में शुरू हो गया। शिविर के उदघाटन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बुधवार को शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी के प्रतिनिधि जगदीश लाल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी संगीता वाल्मीकि ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले शिविर के माध्यम से स्वयं सेवियों द्वारा सफाई अभियान के साथ ही विभिन्न विषयों पर लोगो को जागरूक किया जाएगा। शिविर में 100 स्वयं सेवी हिस्सा ले रही है। सात दिवसीय शिविर में स्वयं सेवियों द्वारा सफाई अभियान के साथ ही विभिन्न विषयों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य सावित्री शैव नेगी, पूरन सिंह रावत, कांति किमोठी, ऋतु नेगी, मेहरबान सिंह, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार घाघट आदि शामिल रहे।

## शहर की समस्याएं जल्द हो हल

**पौड़ी :** पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति ने विधायक राजकुमार पोरी से मुलाकात कर शहर की विभिन्न समस्याएं हल करने की मांग की है। विधायक राजकुमार पोरी ने शहर की समस्याओं के समाधान को लेकर अपनी प्राथमिकता दोहराई और कहा कि उनका उद्देश्य शहर क्षेत्र सहित पूरी विधानसभा के सर्वांगीण विकास का है।

इस दौरान विधायक राजकुमार पोरी को दिए गए ज्ञापन में समिति के संयोजक नमन चंदोला ने ट्रेंचिंग ग्राउंड निर्माण, गांधी मैदान को नगर पालिका से मुक्त कराकर जनता के लिए खोले जाने और जलकर, भवन कर की समीक्षा और दस हजार लीटर पानी प्रति माह मुफ्त दिये जाने की मांग की। इस दौरान नमन ने कहा कि शहर में ट्रेंचिंग ग्राउंड के भाव में शहरवासी काफी परेशान हैं, अतिक्रमण को लेकर सिर्फ 35 दुकानों को हटाया गया और अतिक्रमण की स्थिति वैसी ही बनी है इसलिए अतिक्रमण हटाना जरूरी है। इसके अलावा जलकर, भवनकर से लोग काफी परेशान हैं इसलिए श्रीनगर की तर्ज पर पौड़ी में भी दस हजार लीटर पानी मुफ्त दिए जाने की मांग की।

## एसोसएिशन की कार्यकारी समिति का गठन

**कोटद्वार :** बार एसोसिएशन के संचालन के लिए कार्यकारी समिति का गठन किया गया, जिसमें ध्यान सिंह नेगी को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सदस्यों ने कहा कि वर्ष 2022 की कार्यकारिणी समाप्त हो रही है। बैठक में आगामी चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी योजनाएं तैयार की गई। इस मौके पर अधिवक्ता धर्मदीप अग्रवाल, चंद्रमोहन बड़थ्वाल, शरद चंद्र गुप्ता, नरेंद्र सिंह गुसाईं, कैलाश रावत, अनिल खंतवाल सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## टीडीएस जागरूकता कार्यक्रम 22 को

**पौड़ी :** प्रेक्षागृह में टीडीएस की जागरूकता को बढ़ाने के लिए सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। 22 दिसंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में आयकर विभाग द्वारा जिले के समस्त आरहण वितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीएम डा. आशीष चौहान ने सभी आरहण वितरण अधिकारियों को आयकर विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में टीडीएस की जागरूकता को बढ़ाने के लिए सेमिनार, आउटरीच कार्यक्रम में हिस्सा लेने के निर्देश दिए है।

# मांगों का निराकरण नहीं होने पर मोर्चा ने जताया रोष

## उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा ने भेजा सीएम को पत्र

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण सहित अन्य समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि आंदोलनकारियों की समस्या को लेकर सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

बुधवार को राज्य आंदोलनकारी महेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में तहसील में एकत्रित हुए। तत्पश्चात उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राज्य आंदोलनकारी अपनी मांगों के निस्तारण की मांग लंबे समय से करते आ रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर प्रवर समिति द्वारा दिए गए दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को विधानसभा में लाने, शासनादेश के अनुसार चिन्हीकरण के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने और सितंबर 2021 के शासनादेश के अनुसार मृतक आंदोलनकारियों के आश्रितों के पेंशन आवेदनों पर कार्रवाई करने के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में दिनेश गौड़, पुरूषोत्तम डबराल, अखिलेश बड़थ्वाल, पितृशरण जोशी, पंकज उनियाल, गुलाब सिंह रावत, मनमोहन नेगी, हयात सिंह और रामकुमार माहेश्वरी सहित अन्य आंदोलनकारी शामिल रहे।

## बेरोजगार युवाओं के हित में योजना बनाएं सरकार

**कोटद्वार :** बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने अपनी विभिन्न मांगों का निस्तारण न होने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि संघ के बार-बार मांगों को उठाने के बाद भी सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिस कारण युवाओं में रोष व्याप्त है। संघ ने बेरोजगार युवाओं के हित में योजना बनाने की मांग की है।

संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि संघ लंबे समय से उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल तथा सब इंस्पेक्टर दरोगा पदों पर नई भर्ती विज्ञप्ति जारी करने, पूर्व में हुई पुलिस कांस्टेबल परीक्षा की वेटिंग लिस्ट जारी करने, प्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने और कुमाऊं विवि द्वारा यू सेट परीक्षा में अभ्यर्थियों को परीक्षा तैयारी का समय देने व परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाने की मांग करता आ रहा है। लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से इन मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। बैठक में सरकार से युवाओं की इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की गई।

## धुमाकोट में किया अयोध्या धाम से आए रथ का स्वागत

**पौड़ी :** अयोध्या धाम से आए रथ का क्षेत्र के राम भक्तों ने भव्य स्वागत किया। धूमादेवी मंदिर से रथ नैनीडांडा होकर शिशु मंदिर धुमाकोट में पहुंचा, जहां पर भजन कीर्तन के साथ शोभायात्रा संपन्न हुई। अक्षत कलश, पत्रक व निमंत्रण पत्र लेकर क्षेत्र में पहुंचे रथ का क्षेत्र के राम भक्तों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वागत किया। राम भक्ति में रंगे महिलाओं व पुरुषों ने पीले वस्त्र धारण कर अयोध्या धाम से आए रथ के स्वागत में शोभायात्रा में भागीदारी की। कार्यक्रम में पौड़ी विभाग प्रचारक संजय, जिला प्रचारक नरेश, खंड कार्यवाह अरविंद, मंडल अध्यक्ष शशिकुमार ध्यानी, कार्यक्रम संयोजक मनोज खर्कवाल, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल सिंह रावत, बीएल मधवाल, दीनदयाल कंडारी, मुत्री ध्यानी, दीनदयाल भदूला, मनोज मधवाल, चमन सिंह, बचनसिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज पटवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रभा उनियाल, भारती देवी, माधुरी बिष्ट, पिंकी भदूला सभी शक्ति केंद्रों के संयोजकों सहित संख्या में स्थानीय रामभक्त मौजूद रहे।

## महिलाओं ने दी पारंपरिक गीतों व लोकनृत्य की प्रस्तुतियां

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न ब्लाकों से आई महिला मंगल दलों ने थडया, चौफला के साथ ही पारंपरिक गीतों व लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दी। युवा महोत्सव में पहला स्थान हासिल करने वाली टीम राज्य स्तर में हिस्सा लेगी।

बुधवार को जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा प्रेक्षागृह में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया।

महोत्सव में 15 ब्लाकों की टीमों द्वारा एकल लोकगीत, एकल लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन की प्रस्तुतियां दी।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। साथ ही इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने पारंपरिक लोकगीत, लोकनृत्य की भी जानकारी मिलती है। उन्होंने सरकार के इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की। इस मौके पर जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भगवान गुसाईं, नरेश रावत आदि मौजूद रहे।

# मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में 26 विद्यालयों का चयन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : विकासखंड द्वारीखाल में मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत 26 विद्यालयों का शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर चयन किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी डा. सुरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 26 विद्यालयों का शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर चयन किया गया। इसके अंतर्गत हाईस्कूल स्तर के तीन, इंटरमीडिएट स्तर के तीन उत्तराखंड बोर्ड में वरीयता प्राप्त तीन हाईस्कूल और तीन इंटरमीडिएट स्तर पर वरीयता प्राप्त छात्र-छात्राओं व विकासखंड के 83 शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके द्वारा किए गए शैक्षिक व अन्य गतिविधियों के आधार पर मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सम्मान से सम्मानित




आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते अतिथि

किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा, विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह नेगी व खंड विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज द्वारीखाल की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत गाया गया। मिशन स्कूल आफ एक्सीलेंस हाईस्कूल स्तर पर राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसिंज्ञाना प्रथम, इंटर कॉलेज पाली लंगूर द्वितीय व राजकीय इंटर कॉलेज कीर्तिखाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट स्तर पर राजकीय इंटर कॉलेज चाक्यूसैंण प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज सतपुली द्वितीय व राजकीय इंटर कॉलेज द्वारीखाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त होने वाले प्रधानाध्यापक विभोर कुमार भट्ट (राउमावि बुरांसी), हेमचंद्र केष्टवाल (राइका सतपुली), उमा श्रीवास्तव (राउमावि सतपुली) को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य वीरेंद्र गिरी, रमाकांत डबराल, नीरज पथिक, रेखा ध्यानी, रश्मि रावत, रूपेश कुकरेती आदि मौजूद रहे।

## ऋषिभ नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित

**पौड़ी** : पौड़ी जिले के राजकीय इंटर कॉलेज दोमटखाल के खिलाड़ी ऋषिभ रावत का अंडर-14 नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ये प्रतियोगिता दिल्ली में गुरुवार तक खेली जाएगी। ऋषिभ राइका में 8वीं का छात्र है।

स्कूल के व्यायाम शिक्षक धर्मेंद्र नेगी ने बताया कि हैंडबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बागेश्वर में बीते नवंबर में आयोजित की गई थी। नवंबर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिगिता में ऋषिभ रावत का चयन हुआ था। राइका दोमटखाल से इस प्रतियोगिता में ऋषिभ सहित 3 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। ऋषिभ इससे पूर्व कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुका है। स्कूल से इस बार 14 खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। छात्रों के चयन पर कॉलेज के प्रधानाचार्य गिरीश रावत सहित अन्य शिक्षकों ने भी खुशी जाहिर की हैं।

# गढ़वाल विवि में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के उत्तराखंड के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग केंद्र की ओर से शिक्षकों के लिए एनईपी 2020 ओरिएंटेशन एंड सेंसटाइजेशन पर द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सेवारत 10 राज्यों के शिक्षक प्रतिभागी प्रशिक्षण कर रहे हैं।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर अपना द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन मोड में संचालित कर रहा है। कहा कि प्रतिभागी सरकार के इस महत्त्वाकांक्षी उपक्रम से ऑनलाइन लाभान्वित हो सकेंगे। केंद्र की निदेशक प्रो. इंदु पांडेय खंडूड़ी ने बताया कि हमारा केंद्र एनईपी 2020 के विविध पक्षों पर देश भर के विद्वान वक्ताओं को वक्तव्य हेतु आमंत्रित करते हुए शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान कार्यक्रम एनईपी 2020 ओरिएंटेशन एंड सेंसटाइजेशन प्रोग्राम के शीर्षक से आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत इंडियन नॉलेज सिस्टम, एकेडमिक लीडरशिप गवर्नेंस एंड मैनेजमेंट, स्किल डेवलपमेंट स्टूडेंट डायवर्सिटी एंड इंक्लूसिव एजुकेशन, इनफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, हायर एजुकेशन एंड सोसायटी तथा हॉलिस्टिक एंड मल्टी डिसिप्लिनरी एजुकेशन जैसे विविध पक्षों पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस मौके पर नीपा नई दिल्ली के प्रो. के श्रीनिवास ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। सत्रों का संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. राहुल कुंवर सिंह, डॉ. सोमेश थपलियाल, डॉ. कविता भट्ट ने किया। (एजेंसी)

## सुरेंद्र पडियार बने एबीवीपी के नगर अध्यक्ष

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक हुई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक मेहरा और प्रांत सह संगठन मंत्री अंकित सुंदरियाल ने बैठक का शुभारंभ किया। अभिषेक मेहरा ने विद्यार्थी परिषद का इतिहास और वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी छात्र–छात्राओं को दी। साथ ही दिल्ली में संपन्न हुए 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन के बारे में भी बताया। एमबीपीजी कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज सिंह रमोला ने 25 दिसंबर को परिषद के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले अमृत महोत्सव सम्मेलन की जानकारी दी।

## समुदाय की सहभागिता से ही प्राप्त होगा लक्ष्य

**श्रीनगर गढ़वाल** : राइका खन्डाह, सुमाड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटी, भेलगढ, चडीगांव के विद्यालय प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में समग्र शिक्षा के उद्देश्य, समुदाय सहभागिता, शिक्षा का अधिकार, सामाजिक सम्परीक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के टिप्स दिये गये। राइका खण्डाह में आयोजित तृतीय चरण के प्रशिक्षण शिविर में नोडल अधिकारी राजेंद्र किमोठी ने प्रशिक्षण में भावी पीढ़ी के समग्र विकास की बात पर चर्चा की। कहा कि समुदाय की सहभागिता से ही हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित अखिलेश चन्द्र चमोला ने कहा कि प्रत्येक छात्र में अद्भुत प्रतिभा निहित रहती है। हम सबका प्रयास उनमें निहित प्रतिभा को उजागर करना है। संकुल चमराडा के शिक्षा समन्वयक संजय नौडियाल ने कहा कि हमारा प्रयास बच्चों की पाठ्यचर्या के साथ उनके नैतिक मूल्यों का भी विकास करना है। इस मौके पर मनोज बिष्ट, वनिता देवी, दलबीर सिंह शाह, माधुरी देवी, अनिता देवी, शंकर सिंह भन्डारी, भागीरथी देवी, मंजू देवी, डॉ. कुसुम काला, गौरी, संजय प्रकाश, आशा, मीना आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## रोटरी क्लब ने जरूरतमंद छात्रों बांटे ट्रेक सूट

**श्रीनगर गढ़वाल** : रोटरी क्लब अलकनंदा वैली ने कीर्तिनगर ब्लॉक के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मलेथा और राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पैडुल पौड़ी में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को ट्रेक सूट वितरित किये।

इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष सीए वेदव्रत शर्मा ने रोटरी क्लब अलकनंदा वैली द्वारा समाज हित में विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहें कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। रोटेरियन मनोज नौटियाल और रोटेरियन प्रो. एसपी काला के सहयोग से राआप्रवि मलेथा के 44 विद्यार्थी व राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयए पेडुल पौड़ी के 14 विद्यार्थी को ट्रेक सूट वितरित किये गये।

इस मौके पर राआप्रवि मलेथा की प्रधानाचार्या मंजू ममगाई व राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पैडुल पौड़ी के सहायक अध्यापक महेश गिरी ने क्लब का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. वरुण बर्तवाल, क्लब के सचिव धनेश उनियाल, अजय प्रकाश जोशी, प्रेम वल्लभ नैथानी, नवल किशोर जोशी, मनोज कंडवाल, डॉ. सुनील बिजलवान, कृपाल सिंह पटवाल, दीप्ति आर्य, सुनील चतुर्वेदी, कुलदीप राणा, नीरज कुमार सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## समाज सेवा करेगा फाउंडेशन

**कोटद्वार** : स्वदेशी भारत फाउंडेशन ने सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान देने का निर्णय लिया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरेंद्र सागर गढ़वाली ने बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से समाज के गरीब व असहाय लोगों के साथ ही पर्यावरण, दिव्यांग, विधवा, व गौरक्षा के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा। कहा कि ट्रस्ट युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए भी प्रेरित करेगा।

## स्कूल के बच्चों को दी चटाई

**हल्द्वानी**। साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने समता आश्रम के स्कूल में बच्चों के बैठने की समस्या दूर करने के लिए चटाइयां दीं। साथ ही भगवानपुर के स्कूल में बंद पड़े शौचालय का जीर्णोद्धार कर बालिकाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था की। संस्था अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष दया बिनवाल, सचिव हेमा मेलकानी, कोषाध्यक्ष गीता कार्की, संरक्षक लीला मनराल आदि रहे।

# सोच-समझकर करें इंटरनेट का उपयोग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : थाना सतपुली की ओर से पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैरासैण में साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को सोच-समझकर इंटरनेट का उपयोग करने के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

अध्यनरत छात्रों, अध्यापकों व कर्मचारियों को बढ़ते साइबर अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए साइबर अपराध होने पर तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंक डिटेल सांझा न करें। फोन पर आने वाले अनचाहे लिंक क्लिक ना करें। लॉटरी या अन्य लाभप्रद कॉल आने पर किसी के बहकावे



बच्चों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते पुलिस कर्मी

में न आए। ओएलएक्स पर सामान खरीदते समय सावधानी बरतें। साथ ही साइबर अपराध से संबंधित घटना होने पर इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। कार्यशाला में जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की गई।

# पहाड़ से लोग मैदान की ओर तो बाघ पहाड़ों की तरफ कर रहे हैं पलायन

**हल्द्वानी**। उत्तराखंड में लोग सुविधाओं की तलाश में मैदानों की तरफ और बाघ एकांत की खातिर पहाड़ों की ओर पलायन कर रहे हैं। कुमाऊं में कॉर्बेट नेशनल पार्क और इससे सटे जंगलों में बाघों की बढ़ती संख्या और जंगल के भीतर जीने के लिए चल रहा जबरदस्त संघर्ष इसकी बड़ी वजह है।

आंकड़े बताते हैं कि इस साल अब तक 19 बाघों की मौत हो चुकी है। इसमें अधिकांश जंगल में जीने के लिए हुए संघर्ष की भेंट चढ़े हैं। यही वजह है वनराज अब रहने के लिए नए ठौर खोज रहे हैं। साल 2016 में पिथौरागढ़ के अस्कोट में पहली बार 12 हजार फीट की ऊंचाई पर बाघ देख वन्यजीव विशेषज्ञ हैरत में पड़ गए थे। भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिकों के मुताबिक इतनी ऊंचाई पर बाघ की ये पहली दस्तक थी। इसके बाद 2021 दिसंबर में बाघ ने पहाड़ी जिले चम्पावत के ढकना गांव में धमक दिखाई। नैनीताल के नौकुचियाताल में भी बाघ कैमरे में कैद हो चुका है। अब बाघ के कदम जागेश्वर क्षेत्र में पड़े हैं।

वन्यजीव विशेषज्ञ इस बदलते व्यवहार पर अध्ययन की बात कह रहे हैं।

चार किलोमीटर के दायरे में रहने को मजबूर : उत्तराखंड में वर्तमान में बाघों की संख्या 560 है। तराई भाबर क्षेत्र में इनके फलने–फूलने को सभी जरूरी संसाधन हैं। यही वजह है, कॉर्बेट नेशनल पार्क के 1288 वर्ग किमी क्षेत्र में 260 बाघ हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बाघ करीब 40–50 किमी के क्षेत्रफल में विचरण करता है। लेकिन कॉर्बेट में बाघों की संख्या के हिसाब से ये दायरा महज 4 किमी तक सीमित हो जाता है।

अब पर्वतीय इलाकों में हो सकती है गणना : सामान्य तौर पर माना जाता है कि पर्वतीय और ज्यादा ठंड वाले इलाकों में बाघ नहीं पाए जाते हैं। इसी वजह से बाघों की गणना के दौरान इन इलाकों को छोड़ दिया जाता है। माना जा रहा है अब पहाड़ी जिलों में भी बाघों की गणना की जा सकती है।

आपसी संघर्ष में मर रहे : राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के आकंड़ों के मुताबकि 2022 में 121 बाघ की मौत हुई थी वहीं 2023 में अगस्त तक ही यह आंकड़ा 129 पहुंच गया। इसमें 72.03 प्रतिशत जैसे आपसी संघर्ष में हुईं।

बाघ का जागेश्वर जैसे क्षेत्र में दिखना आश्चर्य की बात है। इसके कारणों को तलाशने की जरूरत है। – बाबू लाल, डीएफओ, हल्द्वानी वन प्रभाग।

## थराली के बज्वाड़ गांव को सड़क से जोड़ा जाए

चमोली : चमोली जिले के थराली विकासखंड के बज्वाड़ गांव के ग्रामीणों ने उनके गांव को सड़क से जोड़ने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि चार वर्ष पूर्व गांव के लिए स्वीकृत कुलसारी-रामपुर-बज्वाड़ सड़क पर आज तक काम शुरू नहीं हो पाया है, जिससे उन्हें अपने गंतव्य तक जाने के लिए करीब तीन किलोमीटर पैदल आवाजाही करनी पड़ रही है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम प्रधान विनोद जोशी, उपप्रधान दीपा देवी, राधा, दुर्गा, हीरा देवी, धनीराम जोशी, ललिता प्रसाद, संजय, पूर्णानंद और देवी दत्त जोशी ने कहा कि ग्रामीणों में सड़क निर्माण न होने से आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जब तक गांव को सड़क की सुविधा नहीं मिल जाती तब तक वे सरकारी कार्यक्रमों का भी बहिष्कार करेंगे। सड़क से गांव की दूरी अधिक होने के कारण धीरे धीरे गांव से पलायन भी होने लगा है। (एजेंसी)

# रघुनाथ कीर्ति परिसर की टीम योग स्पर्धा में प्रतिभाग करेगी



नई टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विवि श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर की टीम भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विश्वविद्यालयी योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। 7 दिवसीय प्रतियोगिता के लिए देवप्रयाग से टीम बुधवार को रवाना हुई। 21 से 27 दिसम्बर तक उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय विवि योग प्रतियोगिता में रघुनाथ कीर्ति परिसर के 11 सदस्यी छात्र-छात्राओं की टीम भाग प्रतिभाग करेगी। टीम में चिराग शर्मा, नितिन पाटीदार, चेतन शर्मा, प्रतीक चौहान, देवदर्शन टीएस,अजय कृष्ण, आरती, नीतू बुंदेला,शिवानी शर्मा, कीर्ति बड़ोदिया, अंशी तिवारी शामिल हैं। योग प्राध्यापक डॉ. सुधांशु वर्मा और डॉ. रश्मिता टीम भी साथ में हैं। योग प्रतियोगिता में शामिल टीमों में टॉप 8 में आने वाले प्रतिभागियों की आगे की पढ़ाई का पूरा खर्च सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। परिसर निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम टीम को शुभकामनाएं दी है। योग प्राध्यापक डॉ. सुधांशु वर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से आयोजित योग प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विवि के 225 टीमें भाग ले रही हैं। टॉप 8 में स्थान पाने वाली टीमों को फरवरी माह में गुजरात में प्रस्तावित खेलों इंडिया प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि देवप्रयाग परिसर की योग टीम का राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेना गौरव है। (एजेंसी)

# 200 मीटर दौड़ में प्रीतम, सोनाली, अमन गिरि व महक रावत ने मारी बाजी

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ कर्णप्रयाग में खेल प्रतियोगिताएं शुरू

चमोली : बुधवार को एसजीआरआर कर्णप्रयाग (जयकंडी) की पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं रंगारंग कार्यक्रमों और मार्च पास्ट के साथ शुरू हुई।

प्रतियोगिताओं का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य बीबी डोभाल ने किया। पहले दिन विभिन्न वर्गों में 100, 200 और 400 मीटर की दौड़ के साथ कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, पिक एवं ड्रॉप दौड़, बाधा दौड़, तीन पैर दौड़ व लंबी कूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

स्कूल के खेल मैदान में आयोजित कुर्सी दौड़ में नर्सरी कक्षा के सूर्य प्रताप सिंह राणा प्रथम, नमन रावत द्वितीय व आश्तिका तृतीय रहे। चम्मच दौड़ में एलकेजी के युवि प्रथम, अभिनय खत्री द्वितीय व अविरल डिमरी तृतीय रहे। पिक एवं ड्रॉप दौड़ में यूकेजी के अनुभव प्रथम, आराध्य भट्ट द्वितीय व कार्तिक तृतीय रहे। बाधा दौड़ में कक्षा एक के भानु प्रताप प्रथम, काव्यान्श द्वितीय व अथर्व तृतीय रहे। तीन टांग दौड़ में कक्षा दो के आरव व ईशान नवानी प्रथम, आरुषि व अरनवी कनवासी द्वितीय व अनुजा व अस्मिता तृतीय रहे। जबकि 100 मीटर दौड़ में अंकित, सिया, पीयूष, आरुषि, शुभम, गुंजन, कृष्ण, आध्या, आयुष, दिव्यान्शी, दिव्यान्शु व नव्या अपने-अपने वर्ग में प्रथम रहे। 200 मीटर दौड़ में प्रीतम सोनाली नेगी ,अमन गिरि व महक रावत अपने–अपने वर्ग में प्रथम रहे। लंबी कूद में अनिकेत, आरुषि, कृष्णा, आशना, आयुष, दिव्यान्शी, दिव्यान्शु, हिमांशी, महक, आर्यन, नितिन व सोनाली नेगी अपने–अपने वर्ग में प्रथम रहे। प्रतियोगिताओं के संचालन में व्यायाम शिक्षक विपिन कुंवर व दीपा खुकशाल, केसी लखेड़ा, संदीप पुंडीर, हेमचन्द्र, सुमन कुमार, गंभीर सिंह, रितु मैठानी, सोनाली बहुगुणा, पूजा डिमरी, ज्योति डिमरी, हिमानी रावत, संगीता, सुमन रावत, विनीता व रश्मि आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न पर निलंबन

चमोली : महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली द्वारा न्यायालय परिसर गोपेश्वर में विभागीय अधिकारियों के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें सिविल जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर ने विभागीय अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों एवं कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न के संबंध में बताया कि अधिनियम के तहत विभागों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। वहीं शिकायत को 6 प्रतियों में लेकर जांच के बाद कार्रवाई की संस्तुति कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिनियम में आरोपी के दोषी पाए जाने पर अर्थदंड के साथ ही निलंबन जैसी सजा का भी प्रावधान किया गया है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय स्तर पर समितियों गठन करने एवं नियमित रूप से वार्षिक रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को दिए जाने और अधिनियम के प्रचार–प्रसार के लिए विभागीय और अन्य स्तरों पर गोष्ठी आयोजित करने की बात कही। इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट चमोली पल्लवी गुप्ता, हेमलता भट्ट, ममता शैली, अनीता असवाल, उदय सिंह रावत, रचना, सोनी भंडारी, सतीश कुमार, पूनम रानी शांती तिवाड़ी, विक्रम सिंह कुंवर, अधिवक्ता ज्ञानेंद्र खंतवाल सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

# डीएम ने ली नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक

नई टिहरी : आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम मयूर दीक्षित ने नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। चुनाव तैयारियों को बैठक में डीएम ने तैयारियों में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। चुनाव के लिए निर्वाचन गाइड लाइन का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए। आगामी लोक सभा चुनावों की तैयारियों को लेकर जिला सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि निर्वाचन कामों को सभी कर्मचारी-अधिकारी नियमानुसार करेंगे। किसी भी काम में कोताही न बरतें। कहा कि निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करवाने, आर्मस जमा की संयुक्त रिपोर्ट उपलब्ध कराने, बरनेबल और क्रिटीकल बूथों के लिए वीडियो वीविंग टीम गठित करने, कन्ट्रोल रूम स्थापित करने, समयान्तर्गत फ्लाइंग स्क्वाड और स्टेटिक सर्विलांस टीम, वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो वीविंग टीम, एकाउंटिंग टीम,



एक्साइज टीम, एमसीएमसी टीम गठित करने के निर्देश दिए। एआरओ को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत के बूथों की सूची नाम, नम्बर, स्थिति सहित पूरा डाटा तैयार रखने तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को ईएलसी और दिव्यांग मतदाताओं को लेकर बैठक करवाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही तहसील व ब्लॉक मुख्यालय के समीप अधिक से अधिक सखी बूथ चिन्हित करने तथा हर विधान क्षेत्र में दो–दो दिव्यांग बूथ एवं आदर्श बूथ चिन्हित करने के निर्देश संबंधितों को दिये।

सीएमओ को मेडिकल बोर्ड बनाने तथा हिमाच्छादित बूथों पर एक्स्ट्रा मेडिकल किट उपलब्ध कराने को कहा। डीएम दीक्षित ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के तहत सभी बूथों में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर जागरूक करने के निर्देश को कहा।

# सरस्वती विद्या मंदिर को प्रमुख ने कुर्सी-मेज दिए

नई टिहरी : टीएचडीसी की मदद से ब्लॉक प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप चंद रमोला ने सरस्वती विद्या मंदिर लंबगांव को 20 सेट कुर्सी व मेज सौंपे। स्कूल को मेज-कुर्सी सौंपते हुए प्रमुख रमोला ने कहा कि विद्यालयों को बेहतर पठन-पाठन के लिए संसाधनों की उलब्धता जरूरी है। इसके लिए प्रमुख ने टीएचडीसी का आभार जताते हुए विद्यालय परिवार व छात्रों को शुभकामनाएं दीं। प्रतापनगर के युवा प्रमुख प्रदीप चंद रमोला की ठोस पहल पर टीएचडीसी की मदद से सरस्वती विद्या मंदिर लंबगांव को 20 सेट कुर्सी-मेज उपलब्ध करवाये गये। जिसके लिए विद्यालय प्रधानाचार्य, शिक्षकों व अभिभावकों ने विद्यालय में प्रमुख प्रदीप चंद रमोला का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

## छात्र-छात्राएं सीखेंगे आत्मनिर्भर बनने के गुर

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उद्यमिता से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाए जाएंगे। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटी महाविद्यालय की डॉ. मधु बाला जुवांठा ने बताया कि सहायतित देवभूमि उद्यमिता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को उच्च शिक्षण संस्थानों से फैकल्टी मेंटर प्रशिक्षण 12 से 17 दिसंम्बर तक आयोजित हुआ। बताया कि इस योजना के तहत महाविद्यालय में उद्यमिता केंद्र की स्थापना की जाएगी एवं बूट कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्टार्ट-अप के प्रति जागरूक किया जाएगा। छात्रों को स्टार्टअप के लिए सीड फंडिंग सरकार की ओर से की जाएगी एवं उद्यमिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुमिता श्रीवास्तव ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर डॉ. मधु बाला जुवांठा को बधाई दी। (एजेंसी)


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail ID :- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 2145/20ए0सी0 दिनांक 20/12/2023

### ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्न कार्य की ई-निविदा (सिंगल बिड) आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें http://www.uktender.gov.in पर दिनांक 28.12.2023 से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैद्यता (दिन) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह) | ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | स्वीकृति की प्रत्याशा में अनुरक्षण मद के अन्तर्गत जिला पौड़ी गढ़वाल मुख्यालय पौड़ी में स्थित सर्किट हाउस के मुख्य भवन में सामान्य मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 1.99 | 4000.00 +18% GST | 120 | 12 | लोक निर्माण विभाग में भवन कार्य हेतु श्रेणी-''सी'' एवं उच्चतर |

**शर्तें**

1- अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी**



## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे समस्त सेवा अभिलेखों में मेरा नाम कु. अनीता पुत्री गोवर्द्धन सिंह निवासी ग्राम कांडई, पोस्ट बल्ली, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल दर्ज है। विवाह के उपरांत मेरा नाम अनीता नेगी पत्नी सोवन सिंह नेगी निवासी ग्राम/पोस्ट कुंभीचौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल हो गया है। भविष्य में मुझे अनीता नेगी पत्नी सोवन सिंह नेगी के नाम से जाना-पहचाना जाए।

**अनीता नेगी पत्नी सोवन सिंह नेगी निवासी ग्राम कुम्भीचौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(1506/21)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री आस्था ने इण्टमीडिएट की परीक्षा सन् 2023 में अनुक्रमांक 23356191 से राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल से संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण की। जिसका प्रमाणपत्र सहअंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहा है।

**ममता देवी पत्नी श्री देशपाल निवासी ग्राम शिवपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(1507/21)

## सम्पादकीय

# डस्टबिन फ्री" प्रदेश की कवायद

साफ स्वच्छ उत्तराखंड की अवधारणा को पटरी पर लाने के लिए राज्य सरकार कूड़ा उठान प्रक्रिया को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। कोशिश है कि अगले 15 दिनों में पूरे प्रदेश को डस्टबिन फ्री बनाया जाएगा और इस कार्य के लिए घरों से कूड़ा उठाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। उत्तराखंड के सभी जनपदों में कूड़े के निस्तारण को लेकर हमेशा से ही एक बड़ी समस्या रही है, खासतौर से पर्वतीय क्षेत्रों में कूड़े को अक्सर नदियों में या फिर पहाड़ों में फेंक दिया जाता है जिस कारण न केवल नदियां व पर्यावरण दूषित होता है बल्कि जगह–जगह कूड़े के ढेर बनते जा रहे हैं। नगरों में भी कूड़े के उत्थान की व्यवस्था कोई बहुत अच्छी नहीं है, आज भी बड़े पैमाने पर लोग घरों का कूड़ा सड़कों, खाली स्थान पर या फिर नदी नालों में फेंक रहे हैं। कहने को तो नगर निगम द्वारा तमाम प्रतिष्ठानों तथा घरों में कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई है लेकिन यहां भी कूड़ा उठान अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाया है। शासन की ओर से अब अगले 15 दिन के अंदर पूरे प्रदेश में कूड़ा उठान की प्रभावी योजना के लिए ठोस कूड़ा प्रबंधन प्रणाली का एक आदर्श कार्य योजना मांगी गई है, जिसका उद्देश्य अगले 15 दिन के भीतर पूरे प्रदेश को डस्टबिन फ्री बनाना है लेकिन यह कार्य तभी धरातल खरा उतरेगा जब शत प्रतिशत "डोर टू डोर" कूड़ा उठान अमल में लाया जाएगा। सरकार को इसके लिए कूड़ा उठाने वाले वाहनों की संख्या एवम मैन पावर बढ़ानी होगी। सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सरकार की ओर से अब जुर्माना वसूलने की भी तैयारी की जा रही है तथा इसके लिए आमजन को भी जागरूक किया जा रहा है, लेकिन जब तक प्रत्येक नागरिक कूड़ा निस्तारण को लेकर जागरूक नहीं होगा तब तक सड़कों व खुले में कूड़े के ढेर लगते नजर आएंगे। यहां एक बड़ी समस्या स्ट्रेचिंग ग्राउंड एवं ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र को लेकर भी है। राजधानी दून में ही ट्रैकिंग ग्राउंड को लेकर हमेशा से ही विवाद बना आया है और सरकार राजधानी देहरादून समेत प्रदेश के दूसरे बड़े नगरों में ट्रेचिंग ग्राउंड की स्थाई व्यवस्था नहीं कर पाई है। नगरों से एकत्रित किया जाने वाला कूड़ा ही एक बड़ी समस्या बन रहा है जो ट्रेचिंग ग्राउंड के आसपास के बड़े रिहायशी क्षेत्र को भी प्रदूषित कर रहा है। इन परिस्थितियों में यह बेहद जरूरी है कि ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्रों की संख्या बढ़ाई जाए। शहरों से कूड़ा उठाकर उन्हें शहर के बाहर ट्रेचिंग ग्राउंड में एकत्रित करना कोई समाधान नहीं है। यदि वाकई सरकार कूड़ा प्रबंधन निस्तारण में आम जन का सहयोग चाहती है तो ऐसी व्यवस्थाएं बनानी होगी जिसमें नियमैत तौर पर घरों से कूड़े का उठान हो तथा तत्काल इस कूड़े को संयंत्रों के माध्यम से रिसाइकिल किया जाय।

**विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक में इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। यह समझना होगा कि भाजपा से लडने़ के लिए भाजपा जैसे ही विचार की जरुरत नहीं है। इसके लिए प्रतिविचार की जरुरत है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि वह प्रतिविचार डीएमके के सनातन विरोध की तरह नहीं हो। इसके बीच संतुलन बनाने की जरुरत होगी। भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृतव के तीन मुद्दों का जवाब देने के लिए क्या किया जा सकता है इस पर विचार करना होगा। विपक्षी पार्टियों को भाजपा की ओर से बनाए नैरेटिव के जाल में भी नहीं फंसना है। विपक्ष ने जाति गणना के जिस मुद्दे में अपने को इतना खपाया वह हिंदी पट्टी के राज्यों में सफल नहीं हुआ है। मुफ्त की वस्तुओं और सेवाओं की घोषणा में भी अब कुछ नयापन नहीं रह गया। सारी पार्टियां इसे आजमा रही हैं।**

# विपक्ष को सीट बंटवारे से आगे देखना होगा

**अजीत द्विवेदी**

तीन महीने से कुछ ज्यादा अरसे के बाद एक बार फिर विपक्षी पार्टियों के नेताओं की बैठक होने वाली है। बड़े राजनीतिक उथल–पुथल वाले घटनाक्रम के बाद विपक्ष की यह बैठक हो रही है। आखिरी बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी और उसके बाद 13 सितंबर को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की 13 सदस्यों की समन्वय समिति की बैठक हुई थी। उस बैठक में एकमात्र फैसला यह हुआ था कि विपक्षी गठबंधन की भोपाल में साझा रैली होगी परंतु कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने उस पर पानी फेर दिया था। बहरहाल, विपक्ष की आखिरी बैठक के बाद पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें चार राज्यों में कांग्रेस हारी और सिर्फ एक दक्षिणी राज्य तेलंगाना में सरकार बनाने में उसे कामयाबी मिली।

इस अवधि में एक के बाद एक कई घटनाएं हुईं– कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का विवाद हुआ और फिर सुलह भी हुई, विपक्षी गठबंधन के प्राइम मूवर नीतीश कुमार के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर सवाल उठे, जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करने के सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगी, संसद की सुरक्षा में चूक हुई, 14 सांसद निलंबित हुए और सरकार व विपक्ष में टकराव का नया दौर शुरू हुआ, ईडी ने आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया और दो मुख्यमंत्रियों– अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को समन जारी किया।

इन तमाम घटनाओं के बाद 19 दिसंबर को जब विपक्षी पार्टियों के नेता बैठक करेंगे तो सबसे बड़ा सवाल उनके सामने होगा कि आगे की राह क्या हो? पांच राज्यों के चुनाव नतीजों से विपक्ष को यह तो समझ में आया है कि सिर्फ बातों में एकता बनाने से काम नहीं चलेगा। अगर जमीनी स्तर पर एकता बनेगी और भाजपा के साथ आमने–सामने की लड़ाई बनेगी तभी कोई फायदा होगा। अगर विपक्ष की छोटी छोटी पार्टियों ने तालमेल किया होता तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नतीजे अलग आए होते। इन दो राज्यों के आंकड़ों से भी विपक्षी पार्टियों को सीधी लड़ाई बनाने की जरुरत का अहसास हुआ होगा। अब तक इस बारे में सिर्फ बातें होती रही हैं कि हर सीट पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारना है। अब उसको मूर्त रूप देने का समय आ गया है। सो, निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियां इस बारे में बात करेंगी।

लेकिन यह एकमात्र मुद्दा नहीं है, जिस पर विपक्षी पार्टियों को विचार करने की जरुरत है। ज्यादातर पार्टियां चाहती हैं कि जल्दी से जल्दी सीटों का बंटवारा हो और ज्यादा से ज्यादा राज्यों में गठबंधन को अंतिम रूप दिया जाए। यह जरूरी है लेकिन सिर्फ गठबंधन का विस्तार करने या सीट बंटवारा कर लेने से भाजपा से लड़ाई संभव नहीं है। यह भाजपा से लड़ाई की रणनीति का सिर्फ एक हिस्सा हो सकता है। एक मजबूत गठबंधन बनाने के लिए विपक्षी पार्टियों सबसे पहले अपने विस्तार की चिंता छोडऩी होगी। अभी ज्यादातर पार्टियां अपने विस्तार की चिंता में लगी हैं। उनको लग रहा है कि उन्हें अपने असर वाले राज्यों में लडऩे के लिए ज्यादा सीट मिल जाएं और अपने असर वाले राज्य से बाहर भी कुछ सीटें मिल जाएं। यानी सभी पार्टियां ज्यादा से ज्यादा सीट लडऩा चाहती हैं। चार राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद प्रादेशिक पार्टियों का हौसला बढ़ा है और उनको लग रहा है कि वे कांग्रेस से मोलभाव करके ज्यादा सीटें हासिल कर सकती हैं। दूसरी ओर कांग्रेस भी हर राज्य में 40 फीसदी वोट मिलने के आंकड़ों के आधार पर अपनी मजबूती बताने में लगी है। वह गठबंधन का नेतृत्व करने और ज्यादा से ज्यादा सीट पर लडऩे की सोच छोड़ नहीं रही है। सो, अपने विस्तार और गठबंधन के विस्तार से आगे विपक्षी पार्टियों को सोचना होगा।

दूसरी अहम बात यह है कि विचारधारा में समानता और एकरुपता के लिए काम करना होगा। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि सिर्फ ज्यादा पार्टियों को इक्_ा कर लेने या ज्यादा राज्यों में तालमेल कर लेने या हर सीट पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार उतार देने से विपक्षी गठबंधन की जीत की गारंटी नहीं होगी। मजबूत गठबंधन, संगठन, जमीनी तैयारी, संसाधन आदि चीजें जरूरी हैं लेकिन उसके साथ ही एक वैकल्पिक विचार की भी जरुरत है। दुर्भाग्य से विपक्षी गठबंधन अभी इसे तय नहीं कर पा रहा है। कांग्रेस भी अलग अलग मुद्दे आजमा रही है और प्रादेशिक पार्टियां भी राज्यों में अपने हिसाब से मुद्दे आजमा रही हैं। लेकिन मुद्दों और विचारधारा पर समानता और एकरुपता नहीं दिख रही है। यहां तक कि कांग्रेस खुद ही अलग अलग राज्यों में अलग अलग मुद्दे और विचार आजमा रही है।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक में इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। यह समझना होगा कि भाजपा से लडने़ के लिए भाजपा जैसे ही विचार की जरुरत नहीं है। इसके लिए प्रतिविचार की जरुरत है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि वह प्रतिविचार डीएमके के सनातन विरोध की तरह नहीं हो। इसके बीच संतुलन बनाने की जरुरत होगी। भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृतव के तीन मुद्दों का जवाब देने के लिए क्या किया जा सकता है इस पर विचार करना होगा। विपक्षी पार्टियों को भाजपा की ओर से बनाए नैरेटिव के जाल में भी नहीं फंसना है। विपक्ष ने जाति गणना के जिस मुद्दे में अपने को इतना खपाया वह हिंदी पट्टी के राज्यों में सफल नहीं हुआ है। मुफ्त की वस्तुओं और सेवाओं की घोषणा में भी अब कुछ नयापन नहीं रह गया। सारी पार्टियां इसे आजमा रही हैं। सो, विपक्षी पार्टियों को नए आइडियाज के बारे में सोचना होगा। मुश्किल यह है कि अब समय कम बचा है।

दूसरी ओ भाजपा ने अपना नैरेटिव सेट कर दिया है। जम्मू कश्मीर से राष्ट्रवाद और अयोध्या से हिंदुत्व का एजेंडा सेट है तो दूसरी ओर राज्यों में पिछड़े, दलित, आदिवासी के साथ सवर्ण का इंद्रधनुषी समीकरण भाजपा ने बनाया है। और ऐसा नहीं है कि यह एक–दो महीने या एक–दो साल में हुआ है। पहले की तरह भाजपा और संघ ने तात्कालिक ध्रुवीकरण की बजाय व्यापक हिंदू समाज के पुनर्जागरण का माहौल बनाया है। इसके लिए क्या वैकल्पिक एजेंडा हो सकता है उस पर विपक्ष को गंभीरता से विचार करना होगा। कम समय में किस एजेंडे को आम लोगों के दिमाग में बैठाया जा सकता है उसकी तलाश सबसे जरूरी है। कांग्रेस अब संसद की सुरक्षा में चूक के बाद बेरोजगारी और महंगाई का मुद्दा उठा रही है लेकिन विपक्ष अगर लोगों को यह नहीं समझा पाता है कि उनके अपने हित के लिए गठबंधन की जीत जरूरी है तब तक गठबंधन का आकार बढ़ाने का कोई फायदा नहीं होगा।अंत में विपक्षी पार्टियों को अपने काडर के बीच तालमेल बनाने की जरुरत होगी।

# तेलंगाना में किसको फायदा ?

तेलंगाना के विधानसभा चुनाव के बाद बाद फोकस आंध्र प्रदेश पर है। हालांकि तेलंगाना की तरह आंध्र में जगन मोहन रेड्डी की सरकार 10 साल की नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि तेलंगाना की तरह वहां भी एंटी इन्कम्बैंसी हो सकती है। ध्यान रहे आसपास के दो राज्यों में छह महीने के अंदर में सत्ता परिवर्तन हुआ है। पहले कर्नाटक में भाजपा को हरा कर कांग्रेस जीती और फिर तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को हरा कर कांग्रेस ने सरकार बनाई है। अब सबकी नजर आंध्र प्रदेश पर है, जहां कांग्रेस 10 साल से सत्ता से बाहर है। आंध्र प्रदेश का विभाजन करने के बाद कांग्रेस शून्य पर आ गई। पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को सिर्फ सवा फीसदी वोट मिले थे। गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ ही विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और कांग्रेस इस भरोसे में है कि मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला उसके साथ जुड़ कर कांग्रेस को फायदा पहुंचाएंगी।

तभी यह सवाल है कि कर्नाटक और तेलंगाना के बाद कांग्रेस के प्रति जो धारणा बदली है उसका फायदा उसको मिल पाएगा? या मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा रही तेलुगू देशम पार्टी को फायदा होगा? ध्यान रहे आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके अलग राज्य बनाने के नाम पर कांग्रेस ने तेलंगाना में इस बार प्रचार किया था और चुनाव जीती।

इसलिए संभव है कि तेलंगाना में जिस मुद्दे पर फायदा मिला, आंध्र प्रदेश में उसका नुकसान हो क्योंकि आंध्र के लोग राज्य के विभाजन से नाराज थे। उनकी नाराजगी अभी दूर नहीं हुई है। दूसरी ओर तेलुगू देशम पार्टी ने लगातार जगन मोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ अभियान चलाया है। जगन इतने परेशान थे कि उन्होंने पिछले दिनों एक पुराने मुकदमे में चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार कराया। इसके अलावा टीडीपी के साथ एक फायदे वाली बात यह है कि मशहूर तेलुगू फिल्म स्टार पवन कल्याण की जन सेना पार्टी ने टीडीपी से तालमेल कर लिया है और संभव है कि चुनाव आते आते भाजपा भी तालमेल करे।

# उछला धारावी का मुद्दा

**कांग्रेस का आरोप है कि टीडीआर के आरंभिक टेंडर में अडानी समूह को पांच करोड़ वर्ग फीट क्षेत्र मिलने की बात थी। लेकिन बाद में उसे 110 प्रतिशत बढ़ा दिया गया, जिससे इस समूह के मुनाफे में 434 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। विरोध पर उतरी पार्टियों का आरोप है कि इस परियोजना के तहत धारावी के बहुत से वर्तमान निवासी रिहाइश से वंचित हो जाएंगे। ये सारे गंभीर आरोप हैं। अपेक्षित है कि महाराष्ट्र और केंद्र की सरकारें इनका तथ्यात्मक जवाब दें।**

उद्धव ठाकरे ने धारावी के निवासियों को साथ लेकर अडानी समूह की पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ आंदोलन छेड़ा है। इस दौरान ध्यान खींचने वाली बात यह हुई कि उनकी इस मुहिम में ना सिर्फ कांग्रेस, बल्कि लेफ्ट और अंबेडकरवादी संगठन भी शामिल हुए हैं।

शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने गंभीर आरोप लगाया है कि उनकी सरकार को धारावी परियोजना रोकने की वजह से गिराया गया। परोक्ष रूप से उन्होंने अडानी ग्रुप को निशाने पर लिया है। ठाकरे मुंबई में धारावी झुग्गी बस्ती के कथित पुनर्विकास के मुद्दे को लेकर सडक़ पर उतरे हैं। इसी दौरान उन्होंने कहा कि चूंकि उनकी सरकार ने धारावी से निवासियों को हटाकर वहां की जमीन देने से इनकार किया, इसलिए उनकी पार्टी तोड़ी गई और उनकी सरकार गिराई गई।

अब उद्धव ठाकरे ने धारावी के निवासियों को साथ लेकर अडानी समूह की पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ आंदोलन छेड़ा है। इस दौरान ध्यान खींचने वाली बात यह हुई कि उनकी इस मुहिम में ना सिर्फ कांग्रेस, बल्कि लेफ्ट और अंबेडकरवादी संगठन भी शामिल हुए हैं। पहली रैली में बड़ी संख्या में धारावी के निवासियों ने भी भागीदारी की। इस बीच कांग्रेस ने धारावी को अडानी ग्रुप को सौंपने के फैसले को महा–घोटाला कहा है।

पार्टी ने एक बयान में आरोप लगाया कि धारावी प्रोजेक्ट के तहत अडानी समूह को 10.5 करोड़ वर्ग फीट की जायदाद का हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) दे दिया गया है। यह क्षेत्र धारावी के वर्तमान इलाके से छह से सात गुना ज्यादा है। टीडीआर सिस्टम के तहत बिल्डर किसी क्षेत्र में जो निर्माण कार्य करते हैं, उनके बदले दूसरे इलाकों को डेवलपमेंट करने उन्हें का अधिकार मिलता है।

मतलब यह कि अडानी ग्रुप धारावी में जो निर्माण कार्य करेगा, उसके बदले उसे से सात गुना अधिक बड़े इलाके को डेवलप करने का अधिकार भी मिलेगा। कांग्रेस का आरोप है कि टीडीआर के आरंभिक टेंडर में अडानी समूह को पांच करोड़ वर्ग फीट क्षेत्र मिलने की बात थी।

लेकिन बाद में उसे 110 प्रतिशत बढ़ा दिया गया, जिससे इस समूह के मुनाफे में 434 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। विरोध पर उतरी पार्टियों का आरोप है कि इस परियोजना के तहत धारावी के बहुत से वर्तमान निवासी रिहाइश से वंचित हो जाएंगे। ये सारे गंभीर आरोप हैं। अपेक्षित है कि महाराष्ट्र और केंद्र की सरकारें इनका तथ्यात्मक जवाब दें। वरना, धारावी का आंदोलन एक बड़े विरोध की शक्ल ले सकता है।

# अब मॉब लिंचिंग पर मिलेगी फांसी की सजा, तीन नए क्रिमिनल विधेयक लोकसभा में पारित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में अंग्रेज़ों के ज़माने की दंड आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली को हटा कर उसके स्थान पर न्याय केन्द्रित भारतीय मूल्यों पर आधारित न्यायिक प्रणाली स्थापित करने वाले तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को लोकसभा ने आज ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक– 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक –2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर दो दिनों तक करीब छह घंटे तक चली चर्चा का गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अंग्रेजों के जमाने के कानूनों में बदलाव कर आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल–चूल बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति की बात कही थी, उसी के तहत गृह मंत्रालय ने आपराधिक कानूनों में बदलाव के लिए गहन विचार किया।

उन्होंने कहा कि तीनों विधेयकों में व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानव के अधिकार और सबके साथ समान व्यवहार के तीन सिद्धांतों के आधार पर बनाये जा रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार अपराध न्याय प्रणाली से जुड़े तीनों कानूनों का मानवीकरण होगा। भारतीय न्याय संहिता में आतंकवाद, संगठित अपराध एवं भ्रष्टाचार जैसे विषय जोड़े गये हैं और इसे दंड केन्द्रित नहीं बल्कि न्याय केन्द्रित बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। संगठित अपराधों एवं घोषित अपराधियों के बारे में कड़े प्रावधान किए गए हैं। राजद्रोह के अपराध को समाप्त कर देशद्रोह तथा भीड़ द्वारा पीट पीट कर की गयी हत्या (मॉब लिंचिंग) को गंभीरतम अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

गृह मंत्री के करीब डेढ़ घंटे तक चले जवाब के बाद सदन ने एक एक कर तीनों विधेयकों को सरकारी संशोधनों के साथ पारित कर दिया। ये विधेयक डेढ़ सौ साल से अधिक पुरानी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लेंगे। इस प्रकार से देश ने आपराधिक न्याय प्रणाली में परिवर्तन की दिशा में एक कदम बढ़ा दिया। तीनों विधेयकों को गुरुवार को राज्यसभा में चर्चा के लिए पेश किया जाएगा। विधेयकों में विदेशों में मौजूद अपराधियों के मामले में कार्रवाई के लिए कुछ संशोधन किये गये हैं। इसके बाद व्याकरण और भाषा संबंधी जो त्रुटियां थीं उन्हें दूर किया गया है।

गृह मंत्री ने चर्चा का उत्तर देते हुए कहा, "हमने कहा था कि हम धारा 370 और 35–ए हटा देंगे, हमने हटा दिया। हमने वादा किया था, आतंकवाद को समाप्त कर देंगे, जीरो टॉलरेंस यानी कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति बनाएंगे और सुरक्षाकर्मियों को स्वतंत्रता देंगे, हमने दिया। हमने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर बनाएंगे और अब 22 जनवरी, 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। ये नरेन्द्र मोदी की सरकार है, जो कहती है–वो करती है।"

अमित शाह ने कहा, "इस ऐतिहासिक सदन में करीब 150 साल पुराने तीन कानून, जिनसे हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली चलती है, उन तीनों कानूनों में पहली बार मोदी जी के नेतृत्व में भारतीयता, भारतीय संविधान और भारत की जनता की चिंता करने वाले बहुत आमूल–चूल परिवर्तन लेकर मैं आया हूं।" उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) जो 1860 में बना था, उसका उद्देश्य न्याय देना नहीं बल्कि दंड देना ही था। उसकी जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 इस सदन की मान्यता के बाद पूरे देश में अमल में आएगी। आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 इस सदन के अनुमोदन के बाद अमल में आएगी। और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 अमल में आएगा।

उन्होंने कहा, "राज्य का सबसे पहला कर्तव्य न्याय होता है। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिकाङ्क लोकतंत्र के तीन स्तंम्भ हैं। हमारे संविधान निर्माताओं ने देश को मजबूत प्रशासन देने के लिए इन तीनों के बीच काम का बंटवारा किया। आज पहली बार ये तीनों मिलकर देश को दंड केंद्रित नहीं, न्याय केंद्रित आपराधिक न्याय प्रणाली देंगे।" उन्होंने कहा कि सीआरपीसी में पहले 484 धाराएं थीं, अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं होंगी, 177 धाराओं में बदलाव हुआ है। 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं, 39 नयी उपधाराएं जोड़ी गईं हैं, 44 नए प्रावधान और स्पष्टीकरण जोड़े गए हैं, 35 धाराओं में समयसीमा जोड़ी हैं और 14 धाराओं को हटा दिया गया है।

अमित शाह ने कहा, "पहली बार हमारे संविधान की भावना के हिसाब से कानून अब श्री मोदी के नेतृत्व में बनने जा रहे हैं। 150 साल के बाद इन तीनों कानूनों को बदलने का मुझे गर्व है। कुछ लोग कहते थे कि हम इन्हें नहीं समझते, मैं उन्हें कहता हूं कि मन अगर भारतीय रखोगे तो समझ में आ जाएगा। लेकिन अगर मन ही इटली का है, तो कभी समझ नहीं आएगा।" उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, "ये अंग्रेजों का शासन नहीं है, ये कांग्रेस का शासन नहीं है, ये भाजपा और नरेन्द्र मोदी का शासन हैङ्क. यहां आतंकवाद को बचाने की कोई दलील काम नहीं आएगी।" उन्होंने कहा आतंकवाद की व्याख्या अब तक किसी भी कानून में नहीं थी। पहली बार अब मोदी सरकार आतंकवाद को व्याख्यायित करने जा रही है जिससे इसकी कमी का कोई फायदा न उठा पाए। इसके साथ–साथ राजद्रोह को देशद्रोह में बदलने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, "अंग्रेजों द्वारा बनाया गया राजद्रोह का कानून, जिसके तहत तिलक महाराज, महात्मा गांधी, सरदार पटेलङ्क हमारे बहुत सारे स्वतंत्रता सेनानी सालों साल जेल में रहे और वह कानून आज तक चलता रहा। जब विपक्ष में रहते थे, तब विरोध करते थे, लेकिन सत्ता में आते थे, तो इसका दुरुपयोग करते थे। पहली बार मोदी सरकार ने राजद्रोह कानून को पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया।"गृह मंत्री ने कहा, "मॉब लिंचिंग घृणित अपराध है और हम नए कानून में मॉब लिंचिंग अपराध के लिए फांसी की सजा का प्रावधान कर रहे हैं। लेकिन मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आपने भी वर्षों देश में शासन किया है, आपने मॉब लिंचिंग के खिलाफ कानून क्यों नहीं बनाया? आपने मॉब लिंचिंग शब्द का इस्तेमाल सिर्फ हमें गाली देने के लिए किया, लेकिन सत्ता में रहे तो कानून बनाना भूल गए।" उन्होंने कहा कि विधेयक में जो प्रावधान किए गए हैं उनसे आम लोगों को आसानी से न्याय मिलेगा और पुलिस जिस तरह से लोगों को उलझाया करती थी उससे सभी को मुक्ति मिलेगी। उनका कहना था इस विधेयक में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्यों को भी शामिल किया गया है।

उन्होंने कहा कि अब तक शिकायत करने पर पुलिस 10 साल में भी कई बार मामले में कार्रवाई कर सकती थी लेकिन नए कानून के अनुसार यदि छोटी सजा वाले अपराध हैं तो पुलिस को 3 दिन के भीतर करवाई करनी होगी। बलात्कार के मामले में 7 दिन की भीतर रिपोर्ट सीधे न्यायालय में भेजी जा सकेगी। आरोप पत्र के मामले में अब तक 60 से 90 दिन के भीतर आरोप पत्र देना पड़ता था लेकिन पुलिस जांच हो रही है, ऐसा कहकर मामले को सालों तक लटका देती थी लेकिन अब कानून में प्रावधान किया गया है कि 60 से 90 दिन में तो आरोप पत्र दाखिल होगा। मतलब समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन 90 दिनों के बाद यदि जांच का समय चाहिए तो उसके लिए अलग से आदेश लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट के सामने भी मामले को ले जाने पर समय सीमा 14 दिन निर्धारित कर दी गई है और 14 दिन के अंदर मामले को संज्ञान में लेना ही होगा। नए प्रावधानों में व्यवस्था की गई है कि देश को हिला देने वाले मामलों में यदि आरोपी अपराध करके पाकिस्तान या किसी अन्य देश भाग कर चला जाता है तो 90 दिनों के भीतर उसके खिलाफ मामला भी होगा और सजा दी जाएगी। कानून में इसकी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

अमित शाह ने कहा कि यह नहीं हो सकता है कि आप देश पर हमला करें, देश की नागरिकों को मारें और आपको सजा नहीं मिले। न्याय चाहिए तो आपको इसी देश के कानून के अनुसार काम करना पड़ेगा यह विधान इस नए कानून में किया गया है। अपराध करोगे और सोचोगे कि देश से बाहर जाने पर बच जाएंगे तो यह संभव नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामले में भी नए कानून में विशेष व्यवस्था की गई है। उसमें पीड़िता के माता–पिता को बयान के समय सामने रहने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय की प्रक्रिया में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को शामिल किया जा रहा है। न्यायालय में जो दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल माध्यम से पेश किए जाएंगे वे मान्य होंगे। उनका कहना था कि इन उपकरणों का इस्तेमाल सटीक साक्ष्य बने इसके लिए विशेषज्ञों की विशेष सहायता ली गई है। फोरेंसिक लैब से लेकर सारे विशेषज्ञों के सुझाव के आधार पर मामले की सत्यता सटीक साक्ष्य बनाने के लिए विशेषज्ञों की विशेष सहायता ली गई है ताकि साक्ष्य को न्यायालय में स्वीकार किया जा सके।उन्होंने कहा कि धीरे–धीरे देश के सभी थानों में इन्हें साक्ष्य माना जाएगा और जब यह काम पूरा हो जाएगा तो पूरी दुनिया में भारत डिजिटल तरीके से न्याय देने वाले प्लेटफार्म पर सबसे प्रमुख देश के रूप में शामिल होगा। उन्होंने डीएनए को लेकर के कहा कि इस मामले में कई बार पहचान को छुपाने की बात आती है लेकिन अब व्यवस्था इस तरह से की गई है कि किसी युवती के साथ अन्याय नहीं हो और जो आरोपी है उसे सजा मिल सके। पीट पीट कर मारने के मामले पर उन्होंने कहा कि 5 से ज्यादा लोग यदि किसी व्यक्ति की हत्या में शामिल होते हैं तो सब गुनाहगार होंगे और उनको एक ही सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद लोगों को कानूनी सुगमता उपलब्ध कराना है। पुलिस जिस तरह से लोगों को उलझाने का काम करती है उससे आम आदमी को मुक्ति मिले, यह प्रयास इसमें किया गया है।

## संसद में मिमिक्री: 20 साल से मैं भी सहता आ रहा हूं अपमान, प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति को किया फोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति पद का मजाक बनाने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि संसद परिसर में ऐसी घटना का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को सोशल नेटवर्किंग वर्क वेबसाइट एक्स पर जारी एक संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें फोन किया है और कुछ सांसदों द्वारा उनका मजाक बनाने पर गहरा दुख प्रकट किया है।



श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का फोन आया और उन्होंने कल संसद के पवित्र परिसर में कुछ माननीय सांसदों द्वारा प्रदर्शित की गई अपमानजनक नाटकीयता पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने मुझे बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से इस तरह के अपमान सहते आ रहे हैं, लेकिन देश के उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ और वह भी संसद में ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है।इस पर श्री धनखड़ ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री से कहा कि कुछ लोगों की बेतुकी हरकतें मुझे मेरा कर्तव्य निभाने और हमारे संविधान में निहित सिद्धांतों का सम्मान करने से नहीं रोक सकती हैं। मैं संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हूं और इस प्रकार के अपमान मुझे अपने मार्ग से विचलित नहीं कर सकते। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सांसद कल्याण बनर्जी ने अन्य सांसदों के समक्ष राज्यसभा के सभापति की नकल उतारी, जबकि अन्य सांसद इसकी वीडियो बनाते रहे।

## इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को 31 की डेडलाइन, ममता ने पीएम कैंडिडेट के लिए सुझाया खडगे़ का नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव– 2024 मिलकर लडने़ के लिए दिल्ली में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक मंगलवार को दिल्ली के अशोका होटल में चार घंटे तक चली। 28 दलों की इस बैठक में आगामी आम चुनावों के मद्देनजर रणनीति और चेहरे को लेकर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार बैठक में सीट बंटवारे की डेडलाइन तय कर दी गई है। 31 दिसंबर तक सीट बंटवारे पर जोर दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने बैठक के बाद कहा कि चाहे तमिलनाडु हो, केरल, तेलंगाना, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली या पंजाब, सीट बंटवारे संबंधी मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा। हम सांसदों के निलंबन के खिलाफ 22 दिसंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। देशभर में आठ से 10 जनसभाएं होंगी। खडग़े ने कहा कि 28 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन को कैसे आगे बढऩा चाहिए। नेताओं ने अपने विचार गठबंधन के सामने रखे। लोगों के हित में सबको मिलकर अपना काम करना है या मुद्दे को उठाना है। पूरे देश में कम से कम आठ से दस मीटिंग करने का फैसला हुआ है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश की संसद से सांसदों को निलंबित किया जा रहा है। यह अलोकतांत्रिक है। इसके लिए सबको मिलकर लडऩा होगा, जिसके लिए हम तैयार हैं। उधर, इंडिया गठबंधन की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम चेहरे के लिए मल्लिकार्जुन खडग़े के नाम का सुझाव रखा। अरविंद केजरीवाल ने इसका समर्थन किया।

## जेपी नड्डा का दावा, 2024 में प्रचंड बहुमत से जीतेगी भाजपा, मोदी तीसरी बार बनेंगे देश के प्रधानमंत्री

**बस्ती, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव 2024 में उनकी पार्टी की प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनेगी और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। अमर शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम मे आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ–3 का उद्घाटन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत पहले अर्थव्यवस्था मे 11 वें,12वे नम्बर पर रहता था लेकिन अब पांचवे नम्बर पर आ गया है। 2024 का चुनाव जीतने के बाद जब नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनेगे तो तीन साल के भीतर भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप मे उभरेगी, ऐसा सकंल्प लेकर हम लोग कार्य करने के लिए तैयार है।



उन्होंने कहा कि मोदी विकास को प्राथमिकता देते है। 70 वषो से भारत ने खेलों में इतने पदक नहीं जीते जितने मेडल मोदी सरकार मे जीते गये हैं। ये इसलिए हुआ है क्योंकि ओलंपिक गेम,एशियन गेम्स सहित अन्य खेलो मे पहले बड़े शहरो,मुम्बई,कलकत्ता एवं कई प्रदेशो के खिलाड़ियों को बुला कर खिलाया जाता था लेकिन श्री मोदी की नीति से भारत के गरीब,किसान,गांव,कस्बो के खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने का मौका मिला और उनके द्वारा अधिक से अधिक मेडल प्राप्त किया गया।भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि काग्रेंस पार्टी के नेता राहुल गांधी संसद भवन मे एक सांसद का वीडिओ बना कर संसद की तथा पार्टी की गरिमा को गिराने का काम किया है जो निन्दनीय है। गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने अपनी भोजपुरी सिटी मे राहुल गांधी को कैमरामैन रखने के लिए जगह खाली किया है, अगर राहुल गांधी द्वारा आवेदन किया जाएगा तो सांसद रवि किशन उन पर विचार करके कैमरामैन का कार्य करने का मौका देंगे। कांग्रेस पिछड़ों के नाम पर झूठा ढिंढोरा पीटता है, जब पिछड़ों लिए कुछ करना होता है तो वो कार्य सिर्फ भाजपा सरकार करती है। वो दिन चले गये, जब चेहरा देख कर विकास होता था योजनांए शुरू होती थी जब से भाजपा की केन्द्र मे सरकार बनी है।

# मुंबई में रोहित का कद सीएसके में धोनी के समान है : इरफान




नई दिल्ली ,पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की विरासत की सराहना की है और इसकी तुलना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में एमएस धोनी के कद से की है।जैसे ही मुंबई इंडियंस के साथ रोहित की कप्तानी के युग का अंत हुआ, एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। 15 दिसंबर को फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पांड्या को रोहित का उत्तराधिकारी घोषित किया।

यह परिवर्तन न केवल नेतृत्व में बदलाव का प्रतीक है बल्कि एक ऐसे युग का अंत भी है, जहां रोहित ने टीम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया था।

इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा के कद और महान एम.एस. के बीच समानताएं बताईं।

पठान के अनुसार, टीम पर रोहित का प्रभाव सीएसके में धोनी के प्रभाव जैसा ही है। इन दोनों दिग्गजों ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए टीम को सफलता दिलाई है।

इरफ़ान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, रोहित शर्मा का टीम में बहुत बड़ा कद है। मेरे लिए, मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा का कद सीएसके में धोनी के कद के समान है। रोहित शर्मा ने कप्तान के रूप में खून–पसीने से टीम बनाई है। उन्होंने हमेशा बहुत योगदान दिया है।

वह एक अद्भुत कप्तान हैं। पिछले साल जोफ्रा आर्चर की फॉर्म और जसप्रीत बुमराह के नहीं होने के बावजूद, रोहित के लिए एक कप्तान के रूप में आईपीएल सीजन शानदार रहा था।

आईपीएल इतिहास में रोहित और धोनी सबसे सफल कप्तानों का खिताब साझा करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे।

2013 सीजन् के बीच में कप्तानी संभालने वाले रोहित ने मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक फाइनल में सीएसके के खिलाफ अपनी पहली चैंपियनशिप जीत दिलाई।

2015, 2017, 2019 और 2020 के बाद के वर्षों में रोहित की कप्तानी की क्षमता देखी गई, जिसने मुंबई इंडियंस को आगे की जीत के लिए प्रेरित किया।इरफान ने कहा, अब, सूर्यकुमार यादव, बुमराह और रोहित के साथ जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभाई है, यह हार्दिक के लिए एक चुनौती होगी। परिणाम एमआई और हार्दिक के प्रबंधन में है। हार्दिक के लिए यह आसान नहीं होगा।

# मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप फाइनल में की एंट्री




जेद्दा , । मैनचेस्टर सिटी ने किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में उरावा रेड डायमंड्स पर 3–0 से जीत के साथ फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को एक रोमांचक सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी ने उरावा के खिलाफ 3–0 से बड़ी जीत दर्ज की। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई, लेकिन फिर सीटी ने आक्रमक रवैया अपनाते हुए विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया।सीटी के लिए मारियस होइब्रेटेन (45+1'), मातेओ कोवासिक (52') और बर्नाडो सिल्वा (59') ने गोल दागे और अपनी टीम की जीत पक्की की। टीम के इस दमदार प्रदर्शन के दम पर सिटी ने फाइनल में धमाकेदार एंट्री की।यह जीत शुक्रवार को ब्राजीलियाई फ्लुमिनेंस के खिलाफ एक वैश्विक शोपीस फाइनल की स्थापना करती है, जिसमें सिटी पिछले सीजन् की ट्रेबल सफलता और उसके बाद यूईएफए सुपर कप जीत के एक नया इतिहास रचने के लिए तैयार है।अगर सिटी शुक्रवार को जीतती है, तो वे इतिहास में प्रीमियर लीग, एफए कप, यूईएफए चैंपियंस लीग, सुपर कप और फीफा क्लब विश्व कप एक साथ जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बन जाएगी।इस बीच, पेप गार्डियोला चार बार क्लब विश्व कप जीतने वाले पहले मैनेजर बन सकते हैं। साथ ही वो कोवासिक रियल मैड्रिड और चेल्सी के साथ अपनी सफलताओं के बाद, तीन अलग–अलग क्लबों के साथ इसे जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं।

# पंजाब किंग्स ने 'गलत खिलाड़ी' खरीदने की खबरों को बताया बकवास



नई दिल्ली। पंजाब किंग्स ने उन दावों को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा जा रहा था कि फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को आईपीएल 2024 नीलामी में गलती से एक खिलाड़ी को खरीद लिया।दुबई के कोका कोला एरीना में संपन्न नीलामी में पंजाब किंग्स की खबर निकलकर आई कि उसने छत्तीसगढ़ के शशांक सिंह को गलती से खरीद लिया। 32 साल के ऑलराउंडर शशांक सिंह की बेस प्राइस 20 लाख रुपये थी और उन्हें इसी कीमत पर पंजाब ने अपने साथ जोड़ा।

पंजाब किंग्स ने दी सफाई

खबर सामने आई कि पंजाब किंग्स की सह–मालकिन प्रीति जिंटा ने गलती से पैडल उठाकर शशांक को खरीदने का इशारा किया और नीलामीकर्ता मल्लिका सागर ने इस पर मुहर लगा दी। बाद में फ्रेंचाइजी ने आपत्ति जताई, लेकिन मल्लिका ने इसे नहीं माना क्योंकि खिलाड़ी की नीलामी पर हथौड़ा मार दिया गया था।

जल्द ही खबर फैली कि पंजाब किंग्स खिलाड़ी को खरीदने की इच्छुक नहीं थी, लेकिन बिके जाने के कारण उसे खिलाड़ी को स्क्वाड में रखना पड़ रहा है। फ्रेंचाइजी ने मीडिया विज्ञप्ति जारी करते हुए अपनी सफाई पेश की और कहा कि शशांक सिंह हमेशा से उनकी खरीदारी लिस्ट का हिस्सा थे और उलझन इसलिए हुई क्योंकि दो खिलाड़ियों के नाम समान थे।

**पंजाब किंग्स ने क्या कहा**

मीडिया ने खबर दी कि शशांक सिंह को गलती से पंजाब किंग्स ने खरीदा है। किंग्स स्पष्ट करना चाहता है कि खिलाड़ी हमेशा से हमारे खरीदारी लिस्ट में था। उलझन हुई क्योंकि दो समान नाम वाले खिलाड़ियों के नाम लिस्ट में दिखे। हम शशांक सिंह को स्क्वाड में शामिल करके खुश हैं

# दिग्विजय चौटाला ने देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को टूर्नामेंट की ट्रॉफी लॉन्च की

सिरसा ,पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की स्मृति में आगामी दो जनवरी से कॉस्को बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के आगाज का होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को प्रतियोगिता होगी। सोमवार को जेजेपी के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी को लॉन्च किया है।

जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इस टूर्नामेंट में विजेता टीमों को लाखों रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सैकड़ों टीमें इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेगी। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी राजनीतिक क्षेत्र के साथ–साथ सामाजिक क्षेत्र में भी अपना दायित्व बखूबी से निभा रही है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए जेजेपी क्रिकेट की बड़ी प्रतियोगिता सिरसा जिले के गांव चौटाला, रिसालियाखेड़ा, खारियां और माधोसिंघाना में करवाने जा रही है। इससे पहले इतनी बड़ी कभी भी ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट कॉस्को टूर्नामेंट नहीं हुई। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रतियोगिता में न केवल ग्रामीण आंचल से बल्कि शहरों के प्रत्येक वार्डों से भी बड़े



पैमाने पर टीमों के पंजीकरण किए जाने के लिए अभी से आवेदन आने लगे हैं।

प्रतियोगिता के आगाज के दौरान अनेक दिग्गज पंजाबी कलाकार भी खिलाड़ियों के मनोरंजन के लिए अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। आगामी 21 से 23 दिसंबर तक इच्छुक टीमें सिरसा चौटाला हाउस पर पंजीकरण करवा सकते हैं। इस विशाल क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार तीन लाख रुपए का दिया जाएगा। जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को क्रमशः दो लाख और 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को भी 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूर्नामेंट में बुलेट बाईक, बेस्ट बॉलर व बेस्ट बल्लेबाज को क्रमशः 21–21 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं फाइनल मैच में श्रेष्ठ खिलाड़ी को 5100 रुपए का पुरस्कार दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

# सौम्य सरकार ने तोड़ा सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड

नेल्सन ,न्यूजीलैंड के खिलाफ बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर 151 गेंदों पर 169 रन बनाकर बांग्लादेश को 49.5 ओवर में 291 रन बनाने में मदद की। इस दौरान उन्होंने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

30 वर्षीय खिलाड़ी की यह शतकीय पारी किसी बांग्लादेशी पुरुष खिलाड़ी द्वारा घर से बाहर वनडे मैच में बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है।

साथ ही न्यूजीलैंड में उपमहाद्वीप के किसी खिलाड़ी द्वारा वनडे मैचों में बनाया गया बेस्ट स्कोर भी है, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ सचिन तेंदुलकर के नाबाद 163 रन के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ चुका है।

291 का कुल स्कोर न्यूजीलैंड में बांग्लादेश का सर्वोच्च वनडे स्कोर भी है।

सौम्या की रोमांचक पारी जिसमें 22



चौके और दो छक्के शामिल थे पारी के अंतिम ओवर में समाप्त हुई जब वह विलियम की गेंद पर चौका मारने की कोशिश करते हुए आउट हुए।

बाएं हाथ के बल्लेबाज की पारी अब जिम्बाब्वे के खिलाफ लिटन दास की 176 रन की पारी के बाद वनडे में किसी बांग्लादेशी द्वारा दूसरी सर्वश्रेष्ठ पारी है।

मैच की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश मुश्किल में दिख रही थी और उसने 10 ओवर के अंदर ही अपने पहले तीन विकेट खो दिए थे।

लेकिन सौम्य ने पारी संभाली और एक मजबूत टोटल तक टीम को पहुंचाया। उनकी पारी की मदद से मेहमान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 291 रन बनाए। हालांकि, जवाब में न्यूजीलैंड ने सिर्फ 3 विकेट खोकर यह लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया। साथ ही सीरीज पर भी 2–0 से कब्जा किया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com